बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार के अधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी (प्रशाखा–आग्नेयास्त्र एवं प्रभाग– भौतिकी) के कुल चार पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 11/2015 के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अर्हित कुल 34 उम्मीदवारों में से एकेडमिक अंकों के आधार पर तैयार की गई मेधा सूची के आधार पर आयोग द्वारा कुल 17 उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। अर्हित, अनर्हित एवं साक्षात्कार में आमंत्रित उम्मीदवारों की सूची आयोग के बेवसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। सूची में अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों को कोई आपत्ति हो तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में प्रमाण के साथ अभ्यावेदन सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या आयोग के e-mail आई॰डी॰ : bpscpat-bih@nic.in के माध्यम से इस प्रकार भेज सकते हैं कि वह दिनांक 16.09.2016 तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उम्मीदवारों के Online Registration Number को ही अनुक्रमांक माना गया है। उन्हें अलग से कोई अनुक्रमांक आवंटित नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार का कार्यक्रम बाद में प्रकाशित किया जाएगा।

5/9/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना